रजिस्टर्ड–पत्र


राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा

*वित्तभवन,"ए" ब्लॉक, जनपथ, जयपुर*-302005

( दूरभाष 0141-2740837, फैक्स 0141-2742309, ईमेलjacct.dta@rajasthan.gov.in )


क्रमांकः-प.4(ई)(1)(6)निप / लिंक नं.–124256 / 2023 / अलेसे–III / 10462 दिनांकः– 31.12.2025

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 209 / 2024–25 दिनांक 11.01.2025 द्वारा सुश्री मुस्कान शर्मा, कनिष्ठ लेखाकार (रोल नं.–723681 बैच 2023) **(परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी)** को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति देते हुए कार्यालय कोषाधिकारी चुरू में पदस्थापन किया गया था। उक्त आदेश की पालना में सुश्री मुस्कान शर्मा द्वारा दिनांक 24.01.2025 को मध्यान्ह पूर्व कार्यग्रहण किया गया। वर्तमान में विभागीय आदेश संख्या 276 / 2025–26 दिनांक 06.04.2025 के द्वारा सुश्री मुस्कान शर्मा का पदस्थापन उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग, चुरू में किया गया है।

सुश्री मुस्कान शर्मा ने उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग, चुरू के पत्र क्रमांक 4623 दिनांक 10.11.2025 द्वारा अग्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 10.11.2025 द्वारा पूर्व में पदस्थापित कार्यालय राजस्थान रोजगार संदेश, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान, जयपुर में धारित वरिष्ठ सहायक के पद पर, राजस्थान सेवा नियम, 1951 के नियम 15 के तहत पुनः कार्यग्रहण करने हेतु कनिष्ठ लेखाकार के वर्तमान धारित पद से त्यागपत्र स्वीकृत करने का निवेदन किया गया है। अतः सुश्री शर्मा का इनके प्रार्थना पत्र के आधार पर वर्तमान धारित कनिष्ठ लेखाकार के पद से त्यागपत्र स्वीकृत किया जाता है। सुश्री शर्मा अपने वर्तमान कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से नियमानुसार कार्यमुक्त होकर ही अपने पूर्व विभाग में कार्यग्रहण कर सकेंगी।

सुश्री मुस्कान शर्मा, कनिष्ठ लेखाकार (परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी) का त्यागपत्र स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार सीधी भर्ती 2023 में कनिष्ठ लेखाकार पद पर चयनित होने से सम्बन्धित इनके सभी अधिकार समाप्त किये जाते है।

31/12/2025

(संध्या शर्मा)

निदेशक एवं पदेन

सयुंक्त शासन सचिव

क्रमांकः-प.4(ई)(1)(6)निप / लिंक नं.–124256 / 2023 / अलेसे–III / 10462 दिनांकः– 31.12.2025

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग, चुरू को भेजकर लेख है कि सुश्री मुस्कान शर्मा, कनिष्ठ लेखाकार **(परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी)** को कार्यमुक्त कर इस विभाग को सूचित करने का श्रम करावें।
2. कोषाधिकारी चुरू।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदया।
4. संयुक्त निदेशक (एसीपी) कम्प्युटर शाखा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. सुश्री मुस्कान शर्मा, कनिष्ठ लेखाकार (रोल नं.–723681 बैच 2023) **(परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी)** कार्यालय उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग, चुरू।
6. पदस्थापन सीट / निजी / रक्षित पत्रावली।

31/12/25

(सीमा कौशल)

संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II / III)